अमर उजाला

Sirohi News: डेरना में सरकारी शराब की दुकान पर बेची जा रही नकली शराब जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

आबकारी विभाग टीम की ओर से डेरना सरकारी शराब की दुकान पर बेची जा रही नकली शराब के 8 कार्टून आरएमएल शराब और स्कॉर्पियो वाहन जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किए गया। मुख्य सप्लायर अजमेर निवासी गोविंद सिंह पुत्र घिसू सिंह और लाइसेंसधारी भंवर सिंह की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

आबकारी विभाग उदयपुर के आयुक्त नकाते शिवप्रसाद मदन के निर्देशानुसार एवं आबकारी आयुक्त ज़ोन जोधपुर सीमा कविया अतिरिक्त के मार्गदर्शन यह कारवाई की गई। इस मामले में मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर राजसमंद के सहायक आबकारी अधिकारी विकास कुमार के नेतृत्व में विभाग के आबूरोड निरीक्षक रविंद्रप्रताप सिंह की अगुवाई में टीम द्वारा डेरना की कंपोज़िट शराब की दुकान पर दबिश देकर निरीक्षण किया गया। इस दौरान शराब की दुकान और स्वीकृत गोदाम से आरएमएल व्हाइट लेस वोडका व काउंटी क्लब के 8 कार्टून नक़ली शराब से भरे हुए पाए गए।

Source: https://www.amarujala.com/rajasthan/sirohi/sirohi-news-fake-liquor-being-sold-at-a-government-liquor-shop-in-derna-seized-2024-12-17